### अदालत ने निरस्त की अपील

# मदन महल के केटरर्स संचालक को अदा करनी होगी राशि

जबलपुर।

जिला न्यायाधीश महिमा कुशवाहा की अदालत ने एक वाद में राशि अदायगी को लेकर व्यवहार न्यायाधीश द्वारा दिए गए फैसले को सही ठहराया। अदालत ने पवन गुप्ता की ओर से दायर अपील निरस्त कर दी है। इसी के साथ 83 हजार रुपये छह प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश पर मुहर लगा दी। अपील मदनमहल रतन नगर निवासी पवन गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। जिसमें 29 अगस्त, 2024 को व्यवहार न्यायाधीश द्वारा पारित 83 हजार रुपये ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। प्रत्यार्थी चेरीताल निवासी दीपक कुमार रजक की ओर से अधिवक्ता संजय शर्मा, सुबोध अग्रवाल, प्रतिमा गुप्ता व अमित नामदेव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रत्याथी दीपक रजक दिव्यांश डेरी का संचालन करता है। अपीलार्थी की उनसे जान पहचान थी और वह पवन केटरर्स और आरपीजी फूड का संचालन करता था। जिस कारण वह प्रत्यार्थी दीपक की डेरी से दूध,



मक्खन, पनीर सहित अन्य सामग्री क्रय करता था। जिसकी राशि अदायगी की जाती थी, लेकिन काफी राशि शेष रह गई थी, जिसकी अदायगी अपीलार्थी नहीं कर रहा था। जिस पर दीपक रजक की ओर से एक वाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अपीलार्थी पवन गुप्ता को 83 हजार रुपये ब्याज सहित भुगतान करने के आदेश 29 अगस्त, 2024 को दिए थे। उक्त राशि भुगतान से बचने यह अपील दायर की गई। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने व्यवहार न्यायाधीश के फैसले को सही करार देते हुए दायर अपील निरस्त कर दी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**78 खंडपीठों का किया गया गठन**

शनिवार, 13 सितंबर को हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर और खंडपीठद्वय इंदौर व ग्वालियर के अलावा जबलपुर सहित सभी अधीनस्थ अदालतों में एक साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।राष्ट्रीय विधिक सेवा समिति, नई दिल्ली के निर्देश पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजन होगा। इस सिलसिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।जिला अदालत जबलपुर और तहसील अदालत सिहोरा-पाटन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिरा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसके जरिए जिला न्यायालय जबलपुर, कुटुंब न्यायालय, श्रम न्यायालय व तहसील न्यायालय सिहोरा और पाटन के लंबित राजीनामा योग्य सिविल व दांडिक प्रकरण व वाद पूर्व प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा। इसके लिए कुल 74 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरा की सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह है कि वे अपने लंबित मामलों का समाधान कर लाभ उठाएं। विद्युत, जलकर और संपत्तिकर से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में विशेष छूट दी जा रही है। मध्य प्रदेश शासन, उर्जा विभाग के आदेश के अनुसार, विद्युत अधिनियम से जुड़े मामलों में न्यायालय में चल रहे प्रकरणों में 20 प्रतिशत राशि और ब्याज में छूट व प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 30 प्रतिशत राशि और ब्याज में छूट दी जाएगी। यह छूट केवल लोक अदालत के दिन समझौता करने पर लागू होगी।



# राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस की तैयारियां जारी

### कलेक्टर व एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

**जबलपुर**। राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह के बलिदान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जबलपुर दौरा प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने माल गोदाम में राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह की प्रतिमा स्थल और संग्रहालय, नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफॉर्मेशन सेंटर और मानस भवन का दौरा किया।

राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथशाह ने 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते हुए अपनी जान गंवा दी थी। उनकी वीरता और बलिदान को याद करने के लिए हर साल 18 सितंबर को बलिदान दिवस मनाया जाता है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने स्थल निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार और सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# हैरान कर रहे मौसम के अजब-गजब मिजाज

**कभी धूप कभी उमस कभी बारिश**

**जबलपुर**। बादल आ रहे जा रहे, कब धूप निकल आए कब बारिश होने लगे, सारी संभावनाएं मौसम वैज्ञानिकों के साथ साथ आमजनता को भी हैरान कर रही हैं। गुरुवार को दिन भर मौसम खुला रहा, शाम को झमाश हुई और देर रात तक रिमझिम बारिश चलती रही। शुक्रवार को फिर मौसम खुल गया दिनभर धूप छांव के बीच गर्मी हावी रही। 43 इंच बारिश होने के बाद भी उमस पीछा नहीं छोड़ रही है।

मौसम विभाग का कहना है की अभी छुटपुट वर्षा होती रहेगी। मानसून सत्र 30 सितम्बर तक माना जाता है। इस हिसाब से बारिश सीजन के 23 दिन और बचे हैं। हालांकी रात में हलकी ठंडक आने लगी है, जिससे बारिश के कमजोर होने के संकेत भी मिलने लगे हैं।

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32।07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 23.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 75 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.56 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.16 मिनिट पर हुआ। पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षा 22.4 हुई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 1103.8 मिमी (लगभग 43.4 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा 6.0 मिलीमीटर हुई थी और कुल वर्षा 1338.2 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

# सदर चौपाटी फूलबाजार में चला बुल्डोजर

जबलपुर।

कैंट बोर्ड में राजीव कुमार के कार्यभार संभालने के बाद प्रशासनिक सख्ती और कामकाज में तेजी साफ दिखाई देने लगी है। कार्यकाल की शुरुआत विवादित मुद्दों से हुई है, जिसका पहला असर सदर चौपाटी के पास लगने वाले फूल बाजार पर देखने को मिला। लंबे समय से चले आ रहे विवाद के बीच बोर्ड के अमले ने आखिरकार कार्रवाई करते हुए यहां बुल्डोजर चला दिया। फुटपाथ पर बनी फूल विक्रेताओं की दुकानें हटवा दी गईं, जिनको लेकर कई वर्षों से कानूनी और प्रशासनिक खींचतान चल रही थी। राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार वर्ष 2017 में करीब 12 फूल विक्रेताओं को यहां दुकान और गोमटियां आवंटित की गई थीं। यह आवंटन वर्ष 2022 तक के लिए मान्य था। लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी दुकानें चालू रहीं और कई व्यापारियों ने अतिक्रमण कर स्थायी शेड भी बना लिए थे। बोर्ड प्रशासन ने अब इन सभी दुकानों और अतिक्रमण को हटवाकर क्षेत्र को खाली करा लिया है।

फिलहाल फूल विक्रेताओं को एएसपी बंगले से लगी खुली जगह में अस्थायी रूप से दुकानें लगाने की मौखिक अनुमति दी गई है, लेकिन सूत्रों की मानें तो यह व्यवस्था भी ज्यादा दिनों तक नहीं टिकेगी। कैंट बोर्ड प्रशासन की योजना यादगार चौक से टीआई क्रॉसिंग तक व्यवस्थित पार्किंग विकसित करने की है। इसके चलते वहां से भी दुकानों को हटाने की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी यह भी सामने आई है कि बोर्ड टैगोर उद्यान की दीवार से लगे फुटपाथ को हटाकर सड़क को चौड़ा करने की योजना बना रहा है। अधिकारियों का कहना है कि फुटपाथ हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी और यातायात सुगम होगा। ऐसे में साफ है कि फूल व्यापारियों को जल्द ही अपने व्यवसाय के लिए नया ठिकाना तलाशना पड़ेगा।

कैंट बोर्ड की इस कार्रवाई ने जहां एक ओर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर फूल व्यापारियों के सामने रोज़गार बचाने की चुनौती खड़ी कर दी है।

# हरित क्रांति से हरित भविष्य की ओरः डॉ एसके पाटिल

### जनेकृविवि में 22वाँ डॉ केके अग्रवाल स्मृति व्याख्यान सम्पन्न

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के मृदा विज्ञान विभाग के अंतर्गत ₹हरित क्रांति से हरित भविष्यः टिकाऊ मृदा विज्ञान नवाचार विषय पर 22वाँ डॉ. के.के. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय मृदा विज्ञान समिति, जबलपुर चेप्टर द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. पाटिल, पूर्व कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में वन संरक्षण, परंपरागत कृषि प्रणाली और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास की दिशा में मृदा विज्ञान की भूमिका को रेखांकित किया।



मुख्य वक्ता डॉ. एस.के. पाटिल ने व्याख्यान में मृदा क्षरण, कार्बनिक कार्बन में गिरावट, पोषक असंतुलन, जलवायु परिवर्तन और छोटे किसानों के आर्थिक संकट जैसी चुनौतियों की चर्चा करते हुए आधुनिक मृदा विज्ञान में तकनीकी नवाचार जैसे रिमोट सेंसिंग, GIS, AI, IoT और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि मृदा को केवल स्थिर आधार मानने के बजाय एक गतिशील प्रणाली के रूप में देखने की आवश्यकता है।उन्होंने कैटेना-आधारित और वाटरशेड-स्तरीय प्रबंधन, सहभागी मॉडल, नीतिगत समर्थन और प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए डॉ. के.के. अग्रवाल के उस दृष्टिकोण को याद किया जिसमें मृदा को भारत की आधारभूत संपत्ति कहा गया है। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा कु. गायत्री तुरकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. बी.एस. द्विवेदी, सचिव, जबलपुर चेप्टर द्वारा किया गया।

## सरकार व किसान संघ आएंगे आमने-सामने

**सिंहस्थ उज्जैन में किसानों की जमीन अधिग्रहण का मामला**

**जबलपुर**। उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर सरकार द्वारा जिस तौर तरीके से किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है और किसानों पर जबरदस्ती जमीन देने का दबाब डालने पुलिस से परेशान किया जा रहा है। इसको लेकर भारतीय किसान संघ का केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व सरकार से खासा नाराज है। किसान संघ के सूत्रों की माने तो किसान संघ ने लैंड पुलिंग एक्ट के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी कर ली है। प्रदेश में तहसील मुख्यालयों में ज्ञापन दिवस कार्यक्रम के साथ गांव गांव लैंड पुलिंग कानून के खिलाफ किसानों में जनजागरण किया जा रहा है। किसान संघ के ताल ठोकने के बाद अब साफ है कि आने वाले दिनों में उज्जैन बड़े किसान आंदोलन का केंद्र बनने जा रहा है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना व अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 16 सितंबर को किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र का उज्जैन आगमन हो रहा है और वे मंगलवार को आयोजित सामाजिक न्याय परिसर से प्रारंभ विशाल किसान ट्रैक्टर रैली में शामिल होंगे।

# पशु प्रेमी स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ की मैराथन बैठक

**जबलपुर**। स्ट्रीट डॉग से हो रही लोगों को परेशानियों और श्वानों के प्रति सुनी जा रही क्रूरताओं के समाधान के लिए आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नागरिक उपभोक्ता मंच एवं पशुप्रेम स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ मैराथन बैठक की। महापौर ने मैराथन बैठक के दौरान नागरिकों को श्वानों से हो रही परेशानियों और श्वानों के प्रति क्रूरता से मुक्ति दिलाने वार्ड स्तर पर समितियाँ बनाने के संबंध में निर्णय लिया और यह भी कहा कि वार्ड स्तर पर गठित सभी समितियों का विधिवत संचालन केन्द्रीय कार्यालय में गठित 21 सदस्यीय समिति के सदस्यों के द्वारा किया जायेगा। बैठक में महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के कानून एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के तहत आज उनके द्वारा एन.जी.ओ. के साथ बैठक की गई और सभी एन.जी.ओ. के प्रतिनिधियों से समाधान के लिए महात्वपूर्ण सुझाव लिये गए।

महापौर ने बैठक के दौरान बताया कि नगर निगम को स्ट्रीट डॉग का बधियाकरण करने तथा टीकाकरण करने के लिए अधिकार



प्रावधानित है। उन अधिकारों में यह भी प्रावधान किया गया है कि जिन गलियों से श्वानों को बधियाकरण के लिए या टीकाकरण के लिए उठाया जायेगा, उपचार होने के उपरांत उन्हीं गलियों में उन्हे छोड़ा भी जायेगा।

नागरिक उपभोक्ता मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉं. पी.जी. नाज पाण्डेय ने सर्वप्रथम बैठक के दौरान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश में दूसरे स्थान प्राप्त होने की उपलब्धि पर महापौर को बधाई दी। डॉं. पी.जी. नाज पाण्डेय के साथ-साथ सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित सभी स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी महापौर को उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी। डॉं. पी.जी. नाज पाण्डेय ने कहा कि महापौर के नेतृत्व मे एन.जी.ओ. एवं वेटनरी कॉलेज के चिकित्सकों के सहयोग से नागरिकों की श्वानों से सुरक्षा और श्वानों को क्रूरता से मुक्ति दिलाने समाधान निकाला जायेगा और जबलपुर देश में एक बेहतरीन आदर्श मॉडल पेश करेगा जिसका दूसरे शहर के लोग भी अनुसरण करेगें। मैराथन बैठक में नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी विचार व्यक्त किये और स्ट्रीट डॉग प्रेमियों के साथ बैठक करने की पहल करने तथा समाधान निकालने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए महापौर श्री अन्नू को साधूवाद दिया तथा उनकी सराहना की।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉं. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, वेटनरी कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकगण के साथ स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज, अर्जुन यादव, संतोष गौर के साथ-साथ सैंकड़ों की संख्या में स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।



# रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जबलपुर**। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान 17 सितम्बर को जिले में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। रक्तदान शिविर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की भावना को भी समाहित किया गया है। जिसमें महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण कर समाज व राष्ट्र को प्रगति की ओर प्रशस्त करना है। बैठक में कहा गया कि इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व स्वास्थ्य संस्थाओं में विधानसभावार वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही कहा गया कि रक्तदान से लोगों की जिन्दगी बचाने में आगे आकर कार्य करना चाहिए। इस संबंध में सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि वे जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर रक्तदान स्थल का चयन करें और उस चयनित जगह के बारे में आमजन को बतायें, ताकि स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोग उक्त तिथि पर चयनित स्थल में आकर रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके।

▶ वर्षों से कर रहे थे यातायात अवरुद्ध
▶ कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी नपा

# सिहोरा नगर पालिका ने हटाये दर्जनों अतिक्रमण

हरिभूमि सिहोरा।

शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में अतिक्रमणकारियों के बुलन्द होसलों के चलते पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था रेंगने को विवश हो गई थी। स्थानीय लोगों के बढ़ते दबाव एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर नगरपालिका ने पुलिस टीम को साथ लेकर यातायात में अवरोध उत्पन्न कर रहे अतिक्रमण को हटाने की मुहिम शुरू की है इससे शहर में हड़कंप मचा हुआ है शुक्रवार को शहर के सबसे व्यस्ततम कथित लेवर चौक पोस्ट आफिस चौराहा सहित पुराने बस स्टैंड के अस्थाई अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया सुबह से शुरू हुई कार्रवाई शाम तक तलती रही क्षेत्र में फैले अतिक्रमण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए साथ ही टपरे आदि जमाकर किये अतिक्रमण को हटाकर अनेक टपरो को जब्त किया गया।





## चेतावनी के बाद भी नहीं हटाए अवैध कब्जे

अतिक्रमण हटाने की मुहिम का कुछ जगहों पर विरोध भी हुआ लेकिन प्रशासन ने अतिक्रमण करने वालों को पूर्व में ही नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि अब शहर की व्यवस्था बिगाड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी सी एम ओ शैलेंद्र ओझा का स्पष्ट कहना है की शहर को व्यवस्थित बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं अभियान के तहत पहले क्षेत्र का निरीक्षण किया गया अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी इसके बाद भी मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण कर यातायात बाधित कर रहे अतिक्रमण पर बुलडोजर जे सी बी चलाई गई। पुराने बस स्टेंड का आलम तो यह है कि बहुत से लोग खुद अतिक्रमण करके वो जगह किराये से दे देते हैं और फिर दुसरी जगह अतिक्रमण कर लेते। विदित हो पोस्ट आफिस चौराहा से ज्वालामुखी मार्ग स्थित नगर के एक मात्र कन्या हायर सेकेंडरी, सरस्वती शिशु मंदिर,चंदा देवी नारायण प्रसाद हायर सेकेंडरी स्कूल के अलावा उप जेल,विपणन,लीड कार्यालय एवं वेयरहाउस सहित अन्य प्रतिष्ठान होने के कारण यातायात का दबाव बना रहता है लेकिन मार्ग के दोनों और टपरा टपरी रखकर किए गए अतिक्रमणों के कारण आए दिन दुर्घटना घटित हो रही थी। रोड पर लगी दुकानों के बाहर लगे टीन शेड और पक्के निर्माण को हटाने टीमें पहुंचीं कुछ दुकानदारों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया लेकिन कई जगहों पर जेसीबी से हटाना पड़ा अभियान की शुरुआत बस स्टैंड की ओर से हुई यहां अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ हुआ। स्थानीय लोगों ने संदीपनी पंडित विष्णु दतहायर सेकेंडरी स्कूल से गौरी तिराहा के तीनों मार्गों के आस्थाई अतिक्रमण पर भी कार्यवाही की मांग की है। अतिक्रमण विरोधी अभियान में नगर पालिका के राजस्व अमले के मुखिया आर आई सुशील कुमार वर्मा, रवि बर्मन, चमन श्रीवास, प्रदीप पांडे, सुजीत पटेल, संतोष कुमार तिवारी, संजय पाठक, इम्तियाज खान, अयूब खान, देवी सिंह साहू, अनिकेत तिवारी, हिमांशु कुरारिया, कोड़ी साहू शिवम वंशकार नगर पालिका के कर्मचारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

# गुनहरु मोहसाम में मनाया गया उमंग दिवस



**सिहोरा।** शासकीय हाईस्कूल गुनहरु मोहसाम में शासन के निर्देशन में उमंग दिवस कार्यक्रम बहुत हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन और उमंग एंथम गीत के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में कक्षा 9वी एवं 10वीं के विद्यार्थियों के द्वारा उमंग कॉर्नर बनाया गया और गतिविधियां, रोल प्ले, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी कराई गई। जिला मास्टर ट्रेनर और शाला के हेल्थ और वेलनेस एंबेसडर नोडल शिक्षक अरविंद उपाध्याय ने बताया कि आधुनिक युग में गिरते जीवन स्तर और जीवन में बन रहे भटकाव में अब स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों का प्रभावी तरीके से सामना करने में जीवन कौशल शिक्षा उमंग कार्यक्रम सक्षम बनाती है। इससे किताबी ज्ञान तो होगा ही साथ में सामाजिक जीवन से जुड़ी नैतिक और व्यवहारिक ज्ञान भी होगा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य सुश्री रमा शर्मा के द्वारा अपने आशीष वचन देकर सहभागिता कर रहे बच्चों को पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया कार्यक्रम में बसंत पटेल,राधा पाठक,योगेश सिंह,राजीव सक्सेना आदि सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# सिहोरा में हुई एनीमिया मुक्त भारत पर कार्यशाला



**सिहोरा।** सिविल अस्पताल सिहोरा में एनीमिया मुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर को कम करना और शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अर्शिया खान के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में विकासखंड सिहोरा के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, अनुदान प्राप्त, और आदिवासी आश्रम स्कूलों के नोडल शिक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तरुण तिवारी और बीसीएम वीरेंद्र कुमार मेहरा ने शिक्षकों को अभियान के तहत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही बाल्यकाल एनीमिया और उसके प्रबंधन के बारे में भी गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, योगेन्द्र मिश्रा, के जी पाठक, आशीष पहारिया,अश्वनी पटेल, उत्तम तिवारी, अनूप पाण्डे, संतलाल मोगरे, सुनील दत्त तिवारी, पूनम पहारिया, आराधना यादव, अर्चना पांडेय, माया तंतुवाय, और अश्वनी कोरी शामिल थे। यह कार्यशाला राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला



**जबलपुर।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से भेंट कर पत्रकारों के लिए लागू बीमा योजना से संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि इस वित्तीय वर्ष में बीमा किश्त की राशि पुनः बढ़ा दी गई है, जो न्यायसंगत नहीं है। प्रतिनिधियों ने बताया कि 22 सितंबर से बीमा शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी समाप्त हो रही है, ऐसे में वर्तमान में वसूली जा रही जीएसटी की राशि को घटाया जाए और बीमा प्रीमियम की राशि को भी यथोचित रूप से कम किया जाए। इसके साथ ही बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश जनसंपर्क आयुक्त बनने पर कलेक्टर दीपक सक्सेना को शुभकामनाएं एवं बधाई भी प्रेषित की। प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, जिला अध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, जिला महासचिव अनुराग दीक्षित सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट में आंतरिक हैकथॉन 2025 का सफल आयोजन



**जबलपुर।** बड़ेरिया ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जबलपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय आंतरिक हैकथॉन 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस नवाचार-आधारित तकनीकी प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागों की कुल 80 टीमों ने भाग लिया। इस हैकथॉन में छात्रों ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक्स, क्लीन एंड ग्रीन टेक्नोलॉजी, रिड्यूस ट्रैफिक सिस्टम, फूड टेक्नोलॉजी, रूरल सिस्टम्स जैसे विभिन्न समसामयिक और नवाचारी विषयों पर अपने प्रोजेक्ट्स एवं प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में आईटी उद्योग से कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इनमें पेज अप सॉफ्टवेयर से अनूप रॉय, अमित दुबे, मयंक बिसेन, एलीशा फ्रांसिस, परसिस्टेंट सिस्टम्स से निरामय सोनी, तथा गिटपॉड से सिद्धांत खरे शामिल थे। इन सभी ज्यूरी सदस्यों ने छात्रों के आइडियाज का मूल्यांकन किया एवं उनके नवाचार की सराहना की।

कार्यक्रम ग्लोबल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. सौरभ बड़ेरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर डॉ. राजीव खत्री एवं डिप्टी डायरेक्टर डॉ. निहारिका यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. सौरभ शर्मा, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. विशाल परांजपे तथा समस्त कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसरों के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ।

### आत्मा का धर्म है क्षमा

# "मिलिए महावीर से" कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** सुप्रभातम एवं गुंजन कला सदन के संयुक्त तत्वावधान में क्षमावाणी पर्व के उपलक्ष में "मिलिए प्रभु महावीर से" कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक सभागार में किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में आदि शंकराचार्यजी, भगवान महावीर एवं गुरुनानक देव के विग्रह मंच पर रखे गए थे। संयोजक अभय जैन ने क्षमावाणी पर्व के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वर्षा बहन ने कहा की क्षमा आत्मा का धर्म है। संयोजक आलोक पाठक ने कहा कि क्षमा सभी धर्मों का वास्तविक दर्शन है, यह मानवीय जीवन की आधारशिला है। विधायक डॉ. अभिलाष पांडे एवं ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर पंकज गोयल ने क्षमा को जीवन के लिए मंगलकारी बताया।

प्रारंभ में मंगलाचरण रोहित दुबे ने किया। अपनी डांस फैमिली के कलाकार दीप्ति, शैलजा, अपर्णा ने गणेश वंदना के माध्यम से सबको मोहित कर दिया। वरिष्ठ कलाकार रवि शुक्ला, श्रीमती भावना जैन, सुब्रत पात्रा ने भजन प्रस्तुत किए। पायल, माही, अनिका एवं नेहा जैन ने "जैनम जयतु शासनम" भाव प्रधान नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते हुए महावीर के संदेशों को नमन किया। संचालन राजेश पाठक प्रवीण, भावना जैन एवं आलोक पाठक द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन डॉ. आनंद तिवारी जादूगर निगम, संदीप जैन, अनिल जैन, कैलाश चंद्र जैन आदि ने किया। इस अवसर पर ज्योति प्रकाश अवस्थी, हरविन्दर सिंह सलूजा, अजीत नायक, रवि चौधरी, गजेंद्र राठौर विठ्ठल विद्य, विजय भावे, नागेंद्र सिंह, संजीव गुप्ता, जलज जैन, सोमेश सराफ, मनीष जैन, प्रमोद कुशवाहा के साथ समरसता सेवा संगठन, सनाढ्य संगम, पाथेय संस्था के साथ विविध समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आभार डॉ. अपर्णा पाठक ने व्यक्त किया।



# चौपट सफाई व्यवस्था, सफाई कर्मियों का वेतन न मिलने पर रांझी जोन कार्यालय घेरा

**जबलपुर।** पूर्व पार्षद एवं प्रदेश सचिव राजेश यादव ने बताया कि गोकलपुर रांझी के सभी वार्डों की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है, न नालियां साफ हो रही हैं, न कचरा उठ रहा है, जगह-जगह गंदगी बजबजा रही है, डोर-टू-डोर व्यवस्था चौपट हो गई है। इसी वजह से विगत चार माह से सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया है, जिससे कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं, इन कर्मचारियों को परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।उक्त अव्यवस्था के विरोध में 12 सितम्बर को मस्ताना चौक रांझी में सभी कर्मचारी एवं कांग्रेस नेताओं ने एक पैदल मार्च निकाला और रांझी जोन कार्यालय का घेराव किया। लगभग एक घंटा प्रदर्शन के बाद अपर कमिश्नर मनोज श्रीवास्तव, डीओ नरेश शर्मा एवं अन्य अधिकारी की उपस्थिति में प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी की। इसके बाद एक ज्ञापन निगम कमिश्नर के नाम सौंपा गया, जिसमें 24 घंटे के अंदर सफाई कर्मचारियों को वेतन देने, आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन देने, ठप पड़ी सफाई व्यवस्था में सुधार किए जाने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइन में सुधार कराने की मांग की गई। पूर्व पार्षद राजेश यादव ने कहा कि जिनके दम पर जबलपुर को सफाई में पांचवां स्थान मिला, उन्हीं को वेतन से वंचित किया जा रहा है। यदि 24 घंटे के अंदर वेतन भुगतान नहीं किया गया तो निगम कमिश्नर और महापौर के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान राजेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, पार्षद मथुरा चौधरी, राजीत यादव, कमलेश सिंह, एड. राजेन्द्र मिश्रा, रमेश बोहित, एड. सौरभ सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, टीटू जग्गी, गोरइया यादव, अनिल सोनकर, राजा वंशकार, अतुल डोंगरे, अखिल चौबे, महेश मिश्रा, सुभाष पटेल, कमलेश चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त निगमायुक्त का अजाक्स पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर के नवनियुक्त निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार का अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ एवं चालक संघ के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। संघ की तरफ से शहर में व्यापक रूप से साफ-सफाई व्यवस्था एवं विकास के लिए भी निगमायुक्त से चर्चा की गई, जिस पर निगमायुक्त ने संघ पदाधिकारियों को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अजाक्स संघ अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, मन्नू पटेल, रामाराव मगरदे, कृष्णकांत रावत, राजेन्द्र मेहरा, आनंद राव, प्रतेश मसोरडकर, महेन्द्र मलिक, नायडू, रामू भैया, रामू कोरी, राहुल कोरी एवं संघ के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कर्मयोगी अभियान में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**बरेला।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में दो दिवसीय कर्मयोगी अभियान का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम चरण में सरपंच आशीष शुक्ला, मास्टर ट्रेनर अमरीश गिरी, श्रीमती श्यामा मैडम एवं रचित मिश्रा के द्वारा सरस्वती पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायती शारदा नगर के सचिव सौरभ सुल्लेरे, सहायक सचिव संतोष यादव, शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग,पी एच ई विभाग, राजस्व विभाग आंगनवाड़ी विभाग, वन विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अधिकारी कर्मचारी द्वारा भाग लिया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यक्रम में संबंधित जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई।

# 279 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत पौड़ी कैमारी रोड पर मोड़ के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 279 पाव देशी शराब जब्त की है। कटंगी थाना प्रभारी श्रीमति पूजा उपाध्याय ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर पौडी- कैमारी रोड पर मोड के पास शराब बेचने की फिराक में खड़े हरदुआ कटंगी निवासी 42 वर्षीय विनोद सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 297 पाव देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# संतान नहीं होने पर पति से प्रताड़ित आकांक्षा ने की थी आत्महत्या

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मुंडी टोरिया में चंद्रमोहन नगर में एक महिला द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इस मामलें में पुलिस द्वारा मर्ग विवेचना के दौरान यह बात सामने आई कि संतान नहीं होने पर पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने पर महिला ने आत्मघाती कदम उठाया था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जुलाई को 33 वर्षीय श्रीमति आकांक्षा तिवारी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया और मायके पक्ष के बयान दर्ज किए। उसमें यह बात सामने आई कि शादी के 11 साल बाद भी आकांक्षा को संतान नहीं होने के कारण पति अशोक तिवारी मानसिक व शारीरिक रुप से प्रताड़ित करता था, जिससे तंग आकर आकांक्षा ने 31 जुलाई को जहर खा लिया। 1 अगस्त को इलाज के दौरान मेडीकल कॉलेज में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी पति अशोक तिवारी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया।




**श्री मेजर बी. विजया कुमार-** अधिकारी एनक्लेव केंट निवासी मेजर बी. विजया कुमार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कमल कुमार सतवानी-** फूटाताल निवासी श्री चेतनदास सतवानी के पुत्र श्री कमल कुमार सतवानी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री संजय विजय उपाध्याय-** केसरी नगर मानेगांव निवासी श्री संजय विजय उपाध्याय (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सुखवानी-** द्वारका नगर गोस्वामी दरबार लालमाटी निवासी श्री नानकराम सुखवानी के पुत्र श्री राजेश सुखवानी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रणजीत सिंह शर्मा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री रणजीत सिंह शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि कुमार जनवार-** राजीव गांधी नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री राजकुमार जनवार के पुत्र श्री रवि कुमार जनवार (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती फूलकली साहू-** सालीवाड़ा गौर निवासी श्री राजकुमार साहू की धर्मपत्नी श्रीमती फूलकली साहू (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भीकम लाल रैकवार-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री भीकम लाल रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमलेश कोल-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री छोटे लाल कोल के पुत्र श्री कमलेश कोल (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई चक्रवर्ती-** बाबा टोला दुर्गा चौक निवासी श्री किशन लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चक्रवर्ती (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गुलाब चौधरी-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट रोड निवासी श्री गुलाब चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बाई मेहरा-** स्टार ग्रीन सिटी हिनोतिया गौर निवासी श्री जीवन लाल मेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई मेहरा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुर्गेश पिल्लई-** नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास निवासी श्री मुर्गेश पिल्लई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार-** गौरीघाट झंडा चौक निवासी श्री गुट्टू लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई अहिरवार (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सूरज वर्षे-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री सूरज वर्षे (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजन नायर-** कैरव्ज के पास साउथ सिविल लाइन निवासी श्री राजन नायर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

# उमंग कार्यक्रम: बच्चों ने चित्रों से रचा उज्जवल भविष्य का सपना



**पाटन।** संदीपनी सीएम राइज विद्यालय पाटन में उमंग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि राजेश नायक ने अपने प्रेरणादायक अनुभवों से बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भगवती की स्तुति से हुई। विद्यालय के प्राचार्य अनुज सेन व कार्यक्रम प्रभारी वंदना साहू के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने चित्रकला के माध्यम से सामाजिक, पारिवारिक और रचनात्मक भावनाओं को जीवंत किया। चित्रों में बच्चों की कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास साफ नजर आया। श्रीमती भारती नेमा की अगुवाई में चित्रकला प्रदर्शनी हुई। मंच संचालन और आभार प्रदर्शन वंदना साहू ने किया। इस अवसर पर शाला स्टाफ व कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। बच्चों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।



**रक्षा सचिव राजेश सिंह बोले**

# सेना के लिए रियलिटी चेक साबित हुआ ऑपरेशन सिंदूर, कई बार 'हार्ड पावर' भी दिखाना पड़ता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सशस्त्र सेनाओं के लिए एक तरह का रियलिटी चेक साबित हुआ।



इसने उन जगहों की ओर ध्यान दिलाया है, जहां देश अपनी रक्षा क्षमताओं में सुधार कर सकता है। रक्षा सचिव शुक्रवार को सदर्न कमांड डिफेंस टेक 2025 सेमिनार (स्ट्राइड 2025) को संबोधित कर रहे थे। रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था। बता दें, 6-7 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

*रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था औरपाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था*



भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलना होगा

2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81% हिस्सा देश में ही किया

## ज्यादातर देश सैन्य ताकत पर ध्यान दे रहे

*रक्षा सचिव ने कहा कि आज के हालात में यह साफ है कि ज्यादातर देश फिर से रक्षा और सैन्य ताकत पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हम कहां बेहतर कर सकते हैं और भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से कैसे ढलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी 'सॉफ्ट पॉवर' के साथ-साथ 'हार्ड पॉवर' भी दिखाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर ही किया गया।*

## यूएस टैरिफ का रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत और यूएसए के बीच चल रहे व्यापार तनाव का कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। अब ये व्यापारिक तनाव भी कम हो रहे हैं और हमने उनके साथ अपनी बातचीत फिर से शुरू कर दी है। उम्मीद है कि यह सफल होगी। उस अवधि के दौरान भी हमारा रक्षा सहयोग और बातचीत जारी है।

## एक साथ आएं रक्षा से जुड़े संस्थान

*सिंह ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों की क्षमता वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा जगत, डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जैसे अनुसंधान संस्थानों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को एक साथ लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों ने बढ़ते वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार की प्रवृत्ति को रोक दिया है।*

### यूएस से वार्ता जारी

*रक्षा सचिव ने बताया कि अमेरिका के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, 2+2 वार्ताएं भी हो रही हैं। ऐसी बातचीत हाल ही में हुई हैं। आगे भी जारी रहने वाली हैं। हल्के लड़ाकू विमानों के लिए जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी दौरान यूएस ने भारतीय सेना को दो अपाचे भी दिए।*

---

## पाकिस्तान आतंकवाद पर यूएन में 4 सेकंड में दुनिया के सामने हुआ शर्मसार

पाकिस्तान ने कतर का दिया साथ

# मानवाधिकार वकील नेउर बोले- पाक 'आतंक' को बढ़ाने वाला एक और देश



*कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं*

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

इजराइल के कतर पर किए गए हालिया हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा हो रही है। इस आपात बैठक में गुरुवार को पाकिस्तानी प्रतिनिधि को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं। वकील नुएर ने सिर्फ चार सेकंड और एक वाक्य में पाकिस्तान को विश्व मंच पर शर्मसार कर दिया।

### *इजराइल का आरोप कतर 13 वर्षों से हमास के कार्यालय की मेजबानी कर रहा*



**171 की मौत, 1000 घायल**

### इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 171 लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है।



■ नेतन्याहू बोले- जो अमेरिका ने किया, वही तो कर रहे

### भारत ने भी जताई थी चिंता

वहीं, कतर पर हुई हमले को लेकर पीएम मोदी मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता जताई। भारत बंधुत्वपूर्ण देश कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों के बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान तथा तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं।

### पाक ने आरोपों को निराधार बताया

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि हम निराधार आरोप लगाने का विरोध करते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी अध्यक्ष से कहा कि कोई भी वक्ता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और संप्रभु सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन ना करे। इस समय नेउर के पास अपना भाषण पूरा करने के लिए चार सेकंड बचे थे। अपने भाषण के आखिर में नेउर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक और देश है।

### पाक को टोकाटाकी पड़ी भारी

नेउर ने अपने भाषण में इजराइल की निंदा करने के लिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2011 में अमेरिका ने अल कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के अंदर मारा था तो तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा था कि न्याय हो गया है। इस पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने उन्हें बीच में टोका। नेउर की ओर से बिन लादेन और पाकिस्तान के जिक्र पर वह नाराज दिखे।

---

## बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली धमकी

बम निरोधक दस्ते और डॉक स्क्वॉड की ली मदद

# इमारत में होगा बम से विस्फोट तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पूरे परिसर को खाली कराया गया। चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, कड़ी जांच में कुछ भी नहीं मिला। इससे पहले पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट प्रशासन को शुक्रवार दोपहर बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे अफरा-तफरी मच गई और सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

ईमेल मिलने के बाद हाईकोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'धमकी भरा ईमेल बॉम्बे हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल पते पर आया था, जिसमें इमारत में बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी।'

### परिसर खाली करवाया

*उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी हाईकोर्ट पहुंचे और एहतियात के तौर पर सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को परिसर खाली करने को कहा गया। अधिकारी ने आगे कहा, 'मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार इमारत को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान जारी है।' उन्होंने बताया कि हाल ही में शहर के कई प्रमुख*



*प्रतिष्ठानों और स्कूलों को इसी तरह की बम धमकियां मिली हैं, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है।*

### *फर्जी कॉल था : मुंबई पुलिस*

*मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये एक फर्जी कॉल है, लेकिन हम किसी भी प्रकार की धमकी भरा ईमेल या कॉल आता है तो उसे गंभीरता से लेकर प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई करते हैं। हमने बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर और अंदर जांच पड़ताल किया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध अभी बरामद नहीं हुआ। लोगों से मेरी विनती है आप लोग घबराएं नहीं, चिंता मत करिए, मुंबई पुलिस हमेशा अलर्ट है और सभी के लिए मौजूद है।*

असम सीएम का गोगोई पर आरोप

# एसआईटी की रिपोर्ट में सामने आए कई तथ्य, कैबिनेट के समक्ष उठाएंगे मामला

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा कि असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई और उनके परिवार के कथित पाकिस्तानी संबंधों की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में गंभीर आरोप 'गहरी चिंता' का विषय हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को कैबिनेट में उठाऊंगा और अपने साथी मंत्रियों के साथ इस पर चर्चा करूंगा। उदलगुड़ी में बीटीसी चुनाव प्रचार के दौरान सीएम ने यह बात कही।



शर्मा ने कहा कि वह बुधवार रात रिपोर्ट का एक हिस्सा देख चुके हैं और कांग्रेस सांसद और उनकी ब्रिटिश पत्नी के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। उन्होंने कहा, रिपोर्ट की सामग्री जल्द ही कानूनी प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 2 नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही मौके से 303 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुई हैं। 24 घंटे के भीतर छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को ये दूसरी बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को गरियाबंद जिले में 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। इस अभियान के दौरान सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई।



### गुलफिशा, खालिद इमाम की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। तीनों पर 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नौ लोगों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध के दौरान भड़के दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।



## हिमालच में भूस्खलन

# 586 सड़कें बंद, सांगला बस अड्डा क्षेत्र धंसा, मंडराया खतरा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में रुक-रुककर बारिश का दौर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तीन नेशनल हाईवे सहित 586 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 806 बिजली ट्रांसफार्मर व 364 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं।



### राज्य के कई भागों में मौसम खराब

राजधानी शिमला सहित आसपास भागों में आज भी मौसम खराब बना हुआ है। किन्नौर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सांगला बस अड्डे के नजदीक शुक्रवार को करीब 11:40 बजे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र बस अड्डे के पास बहुत बड़ा हिस्सा धंस गया है। इससे यहां खाली पेटियों से भरा एक ट्रक हवा में लटक गया। अब सांगला-छितकुल संपर्क मार्ग पर भी खतरा मंडराया हुआ है। लगातार बारिश के चलते 2 सितंबर को यहां भूस्खलन हुआ था जिससे बस अड्डा खतरे में आ गया था।

## इटली में हुआ तटरक्षक बल का वैश्विक सम्मेलन

# भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का कड़ा मुकाबला करने पर दिया जोर, भूमिका बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षक बल के चौथे दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को रोम (इटली) में समापन हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो तटरक्षक सहयोग के लिए प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में इसकी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में



समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। अगले सम्मेलन की दावेदारी जताई आईसीजी के महानिदेशक ने एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया।

### सामूहिक एजेंडे को आकार दें

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुरक्षित समुद्रों के लिए सामूहिक एजेंडे को आकार देने में आईसीजी प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। सम्मेलन समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में उन्नत तकनीकों, मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## *यूएस टैरिफ पर सांसद थरूर बोले*

# भारत को नुकसान, लोगों नौकरियां जा रहीं, ट्रंप 'असामान्य' राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की ओर से लगाए गए शुल्कों का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को यह बात कही। थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे स्वभाव से अस्थिर हैं और कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं कर रहे हैं।



### विनिर्माण और समुद्री खाद्य पर पड़ेगा असर

उन्होंने कहा कि सूरत में रत्न व आभूषण कारोबार, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में भी नौकरियां जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है, मैं नहीं चाहता कि किसी को यह भ्रम हो कि हम इसे ऐसे ही खत्म कर देंगे। थरूर ने कहा कि ट्रंप बहुत ही चंचल व्यक्ति हैं और अमेरिकी प्रणाली राष्ट्रपति को बहुत अधिक छूट देती है।

## पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे आंध्र प्रदेश से गए श्रद्धालु

# तोड़फोड़ और लूटपाट की गई, कई पर्यटक घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की। पर्यटक पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे। हमले में कई पर्यटक घायल भी हुए हैं। सभी पर्यटक आंध्र प्रदेश से थे।

नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ चल रहे जेन जी के प्रदर्शन का सामना भारतीय पर्यटकों को भी करना पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने काठमांडू गए थे। श्रद्धालु यूपी नंबर से पंजीकृत बस में सवार थे। बस ड्राइवर राज ने बताया कि जब बस भारत की ओर वापस लौट रही थी तो भीड़ ने हमला कर दिया।

**नेपाल में बस पर हमला किया**



### *घायलों का इलाज जारी*

*बस के एक कर्मचारी ने बताया कि हमलावरों ने पत्थरों से बस के सारे शीशे तोड़ दिए और सामान लूट लिया। बस क्षतिग्रस्त हालत में गुरुवार शाम को यूपी में महाराजगंज के पास सोनौली बॉर्डर पर पहुंची। हमले में सात से आठ यात्री घायल हो गए। नेपाली सेना के जवान मदद के लिए आए।*

### वॉलीबॉल टीम को सुरक्षित निकाला

नेपाल में भड़के हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत की एक वॉलीबॉल टीम को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सुरक्षित निकाल लिया है। जानकारी के मुताबिक, दूतावास लगातार टीम से संपर्क में रहा और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। अधिकांश टीम के सदस्य भारत लौट चुके हैं, जबकि शेष सदस्यों के वापस आने के लिए व्यवस्था की जा रही है। टीवी प्रेजेंटर और वॉलीबॉल लीग की होस्ट उपासना गिल ने सोशल मीडिया के जरिये एक आपातकालीन वीडियो बनाया था और भारतीय सरकार से उन्हें और टीम को बचाने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि उनका होटल आग की चपेट में आ गया है और वह हिंसक भीड़ के हमले से बचकर भागी हैं।



### नेपाल हिंसा में अब तक 51 की मौत

नेपाल में चल रहे जेन-जी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 51 हो गई है, जिनमें से 30 की मौत गोलियों से हुई है। बाकी 21 की मौत जलने, जख्मों और अन्य चोटों के कारण हुई है। मृतकों में पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान 1,368 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। भारत की सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने अब तक अंजिला खातून नामक एक महिला सहित 67 कैदियों को पकड़ा है। वे हिमालयी राष्ट्र में चल रही अशांति के बीच नेपाल की जेलों से भागने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर विभिन्न चौकियों के माध्यम से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे।

### पूर्व राष्ट्रपति को 27 साल जेल की सजा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के 5 में से 4 जजों ने उन्हें देश में तख्तापलट की कोशिश का दोषी माना। इसके बाद कोर्ट ने जेयर बोल्सोनारो को जेल की सजा सुनाई। बोल्सोनारो को पांच मामलों में दोषी पाया गया है, जिनमें तख्तापलट की साजिश रचने, लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को हिंसक रूप से खत्म करने का प्रयास, एक सशस्त्र आपराधिक संगठन में भागीदारी, गंभीर क्षति पहुंचाने और सूचीबद्ध विरासत स्थलों की दुर्दशा जैसे आरोप शामिल हैं।



# धरा पर भगवान का अवतरण भक्तों के कल्याण हेतु : सुरेंद्र शास्त्री

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे श्रद्धालु, पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**जबलपुर।** जन्माष्टमी का पर्व भक्ति और उल्लास का प्रतीक है। पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े भव्य और दिव्य उत्साह के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रकट होने का प्रसंग आया, पूरा वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भक्ति रस में डूबकर नृत्य करने लगे।

### हर युग में धर्म की पुनर्स्थापना

आचार्य सुरेंद्र शास्त्री ने व्यासपीठ से कथा का वाचन करते हुए शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान हर युग में धर्म की पुनर्स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अवतरित होते हैं। अधर्म और पापियों का संहार करना तथा भक्तों की रक्षा करना ही श्रीकृष्ण के अवतरण का उद्देश्य है। शास्त्रीजी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन यह संदेश देता है कि सत्य और धर्म की विजय निश्चित है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों।

### भजनों पर झूमे श्रद्धालु, पुष्पवर्षा से महका वातावरण

जन्मोत्सव के अवसर पर भजन गायक शिवा विश्वकर्मा ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर भक्तगण झूम उठे। नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता और उल्लास से भर गया। भगवान श्रीकृष्ण की झांकी और भजनों ने श्रद्धालुओं को मानो द्वापर युग की झलक दिखा दी।

### भोग एवं प्रसाद वितरण

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर परंपरा अनुसार फल, गुड़ के लड्डू, हरीरा, मिठाई और माखन का भोग अर्पित किया गया। कथा के समापन पर मंगल आरती हुई और उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### आस्था और उल्लास का संगम-

कथा पंडाल में हर तरफ भक्ति और आस्था का माहौल था। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, सत्य, सेवा और धर्म की स्थापना का संदेश भी लेकर आया। श्रद्धालुओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि भगवान की कृपा का अनुभव भी होता है।

### पूजन-अर्चन और श्रद्धालुओं की उपस्थिति-

वाय.के. शर्मा की स्मृति में आयोजित इस कथा में व्यासपीठ पूजन सरला शर्मा एवं रश्मि शर्मा द्वारा संपन्न किया गया। पंडित अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। कार्यक्रम में शरद शर्मा, अभय शर्मा, प्रभव, शांतनु, शिवा विश्वकर्मा, शिवम, रिया, प्रिंसी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।



# "एक शाम बंसी वाले के नाम" सुर संध्या 14 को

**जबलपुर।** पंजाबी महासंघ जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 14 सितम्बर 2025 को "एक शाम बंसी वाले के नाम" भव्य सुर संध्या का आयोजन एम.एल.बी. ग्राउंड में किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष इन्द्रमोहन भाटिया ने दी। संस्था संरक्षक व नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज ने भी प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी व बताया कि पिछले साल भी हेमंत बृजवासी (वृंदावन) अपनी प्रस्तुति देने जबलपुर आए थे और इस वर्ष भी उनकी प्रस्तुति की अत्यधिक मांग होने के कारण उन्हें पुनः संस्था द्वारा भजन प्रस्तुति के लिए बुलाया जा रहा है। कार्यक्रम प्रभारी कौशल सूरी ने बताया कि संस्कारधानी के भजन प्रेमियों की जबलपुर में कृष्ण भक्तों की बढ़ी संख्या को देखते हुए इस बार यह आयोजन एम.एल.बी. ग्राउंड से किया जा रहा है, जहां वाटर प्रूफ डोम आदि की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रेस वार्ता में जोगेश भाटिया, संजय चड्ढा, राकेश बिग, नीरज भसीन, वरुण नैय्यर, किरण मल्होत्रा, सतीश वर्मा, नम्रता भाटिया, रूचि गुलाटी, मनोज नारंग, शैलेन्द्र कपूर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### दंडी स्वामी का आगमन आज

**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर के संस्थापक एवं संचालक दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज का चातुर्मास वृतानुष्ठान समापन के उपरांत महाराज श्री का अपनी तीन दिवसीय यात्रा में अयोध्या पहुंचकर श्री रामलला मंदिर के दर्शन हेतु अयोध्या मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर आज 13 सितंबर को प्रातः 6:00 बजे जबलपुर नगर आगमन हो रहा है। गुरुदेव महाराज ने अयोध्या मंदिर की व्यवस्था पर योगी सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उक्ताशय की जानकारी कालीधाम के मीडिया प्रभारी अनिल उसरेटे द्वारा दी गई।

### गजेन्द्र तिवारी विद्युत नियामक आयोग सदस्य नियुक्त

**जबलपुर।** राज्य शासन द्वारा गजेन्द्र तिवारी को मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोक का सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी वर्तमान में मध्यप्रदेश में विद्युत लोकपाल हैं।

### गिरने से आई चोट के कारण मौत

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत पावर हाउस कंचनपुर में घर पर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पावर हाउस कंचनपुर निवासी 58 वर्षीय मुन्ना गोटिया गत 8 सितंबर को घर में गिर जाने के कारण परिजनों द्वारा मेडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम 7.15 बजे मुन्ना गोटिया की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### कंपनी संचालक और क्रेन ऑपरेटर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत सिविक सेंटर चौपाटी में 20 फुट की ऊंचाई से गिरे श्रमिक की मौत के मामलें में कंपनी संचालक व क्रेन ऑपरेटर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गत 18 अगस्त को राजीवनगर मोहरिया निवासी 26 वर्षीय सलमान खान की 20 फुट ऊंचाई से गिरने पर सिर पर आई चोट के कारण अस्पताल में मौत हो गई। मर्ग जांच के दौरान साक्षियों के कथन में यह बात सामने आई है कि आर.के. मार्केटिंग कम्पनी में सलमान फ्रेम बनाने का काम करता था जो घटना समय कम्पनी के फ्रेम हेतु क्रेन की बास्किट में चढा था।आर.के. मार्केटिंग के संचालक मुजाहिद्दीन उर्फ राहिल एवं क्रेन आपरेटर दीपक बघेल द्वारा बिना किसी सुरक्षा इंतजाम का उपयोग कर लापरवाही पूर्वक कार्य कराये जाने के कारण सलमान खान की उंचाई से गिरने के कारण मृत्यु हो गयी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 106 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ ने विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन मनाया

**जबलपुर।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जबलपुर ग्रामीण जिला संयोजक ठाकुर बाबू सिंह के द्वारा बरगी विधानसभा के विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में तिलवाराघाट नर्मदा जी तट पर बुजुर्ग माताओं को साड़ी एवं शॉल का वितरण कर मनाया गया, जिसमें भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक दीपक नाहर, महानगर सह संयोजक अनंत पांडे, निखिल ठाकुर एवं अन्य साथीगण मौजूद रहे।

# एपी नर्मदा विधि महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

## मि. फ्रेशर बने अर्नव डांगे एवं मिश फ्रेशर बनी अमीषा साहनी

**जबलपुर।** छात्र जीवन भर कुछ न कुछ सीखते है जिससे वे अपनी उत्तरोत्तर प्रगति कर सकें। विधि का क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जहां छात्र कानूनी जानकारियों को अर्जित कर जहां एक ओर अपनी जीविका का साधन बनाता है वहीं कानून की मदद से पीडित जनों को न्याय दिलाने का भी प्रयास करता है। इसलिये हम सभी पूरी तन्मयता से सिखाये गये नियमो को आत्मसात करें और अपने व्यवसाय के प्रति पूरी ईमानदारी से पीडित जनों को न्याय दिलाने का प्रयास करें। उक्त आशय के उद्गार ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के चेयरमेन श्री चमन श्रीवास्तव ने एपीएन विधि महाविद्यालय के नवीन छात्रों की फ्रेशर पार्टी के अवसर पर उपस्थित होकर व्यक्त किये। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सी.बी.एस.ई प्राचार्या



श्रीमती स्नेह चर्तुवेदी, एम.पी.स्टेट बोर्ड प्राचार्य श्री अजय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के चेयरमेन श्री चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिह, विधि विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव, ए.पी.एन एजुकेशनल इंस्टीटयूशन्स के डायरेक्टर श्री सिद्धेश्वर श्रीवास्तव मयंक उपस्थिती प्रमुख रही। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

इस अवसर पर समस्त नवीन छात्रों ने अपना परिचय महाविद्यालय परिवार एवं अन्य छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिसमें नृत्य गीत संगीत लतीफे आदि ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रतिभाशाली छात्रों को विभिन्न उपाधियो से नवाजा गया। जिसमें मिस्टर फ्रेशर अर्णव डांगे, मिस फेरशर के रूप में अमीषा साहनी, बेस्ट परर्फामेंस मे स्वर्णिमा सिंह एवं अदित्रि नेमा व बेस्ट अटायर के रूप में मोहम्मद आनस खान को पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

# एनसीईआरटी विद्या प्रवेश सर्वे कार्य हुआ सम्पन्न

**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर के प्रभारी रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी कारिया पाथर में विद्या प्रवेशी सर्वे कार्य 2025/26 हेतु एनसीईआरटी नई दिल्ली से देवकीनंदन शर्मा प्रोफेसर नई दिल्ली, साथ ही जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कृष्णा रत्नाकर डीआरजी, एफएलएन तथा विनीता पैगवार, डीआरजी एफएलएन का शाला में विद्या प्रवेश सर्वे हेतु आगमन हुआ। शाला परिवार ने प्रभारी रॉबर्ट मार्टिन के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंट कर सर्वे अधिकारियों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रतिनिधि टीम ने कक्षा एक में रखे सभी टीएलएम का निरीक्षण किया और शाला की कक्षा शिक्षक राधा सोनकर एवं फरजाना बानो ने छात्रों को अत्यधिक सुव्यवस्थित ढंग से बैठाया, तत्पश्चात सर्वे कार्य आरंभ हुआ। नियमानुसार सहर्ष सर्वे कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शालेय परिवार से रॉबर्ट मार्टिन, हरिश्चंद्र वर्मा, मोनिका सोनी, पद्मा मालवीय, रामशंकर श्रृंगी, मंजुलता सोनी, अमिता केसरवानी, पूजा सोनकर, शबनम कुरेशी, वंदना विश्वकर्मा, सीमा तिवारी, रिक्ता जेकब, राधा सोनकर, फरजाना बानो, रश्मि गुप्ता आदि सभी उपस्थित रहे।




## प्रवचनकर्ता अजीत सिंह की संदिग्ध मौत

**-माढ़ोताल थाना क्षेत्र की घटना, बेटे पर उठे सवाल, टीआई नीलेश दोहरे देर रात तक छुपाते रहे मामला, एएसपी आयुष गुप्ता ने सम्भाला मोर्चा**

**जबलपुर।** सिख संगत में प्रवचन देकर समाज में धार्मिक चेतना जगाने वाले 55 वर्षीय अजीत सिंह (पिता गुरु सिंह), निवासी शंकर श्रीवास्तव आईटीआई चुंगी चौकी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे शहर को हिला दिया है। बताया जा रहा है कि अजीत सिंह अपने बेटे अमरजीत सिंह के साथ रहते थे। घटना से पहले अमरजीत ने उन्हें घर के भीतर बंद किया और स्वयं बाहर चला गया था। इसके बाद अजीत सिंह मृत अवस्था में पाए गए।

**धार्मिक समाज में शोक की लहर-**अजीत सिंह का समाज में गहरा धार्मिक जुड़ाव था। वे लंबे समय से सिख संगत में प्रवचन देकर लोगों को धर्मपथ की प्रेरणा देते थे। उनकी अचानक मौत से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। लोग इसे समाज की बड़ी क्षति मान रहे हैं।

**पुलिस की देरी से बढ़ा संदेह-** सूत्रों के अनुसार घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई थी, मगर टीआई नीलेश दोहरे ने देर रात तक मामले को दबाए रखा और आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की। पुलिस की इस देरी ने लोगों के बीच संदेह और गहरा कर दिया।

**नवागत एएसपी ने संभाला मोर्चा-**मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी आयुष गुप्ता स्वयं मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि आयुष गुप्ता ने हाल ही में एएसपी सिटी आनंद कलादगी की जगह कार्यभार संभाला है। उन्होंने मोर्चा संभालते हुए स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सुखसागर मेडिकल कॉलेज में आईएसए का 39वाँ वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**सेगमेंटल स्पाइनल एनेस्थीसिया पर कार्यशाला संपन्न**

**जबलपुर।** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (एस.एस.एम.सी.एच), जबलपुर में भारतीय एनेस्थीसियोलोजिस्ट सोसायटी (आईएसए) मध्यप्रदेश राज्य शाखा का 35वाँ वार्षिक सम्मेलन अयोजित हुआ। इस अवसर पर "सेगमेंटल स्पाइनलएनेस्थीसिया" विषय पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनेस्थीसियोलॉजी विभाग, एसएसएमसीएच द्वारा अईएसए जबलपुर शाखा एवं न्यूरैक्सियल एनेस्थीसिया डेवलपमेंट सोसायटी (NADS) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर एम.डी. एनेस्थीसिया के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. तरुण वाघेला एवं डॉ. नरेश पालीवाल (इंटरनेशनल फैकल्टी) ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में 65 डेलीगेट्स ने भाग लिया और 10 रुर्जरी एनएमसी (NMC) दिशा निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न की गई। सम्मेलन का उद्देश्य एनेस्थीसिया के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, शोध और अनुभवों को साझा करना एवं चिकित्सकों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. देवेश कुमार गुप्ता, डॉ. विशाखा कालिया, डॉ. शरद चंद्रिका मिश्रा, डॉ. पायस्वीनी शर्मा, डॉ. वृंदा सरकार एवं डॉ. अर्चना ने विशेष योगदान दिया।

## राष्ट्रीय शताब्दी यात्रा का जबलपुर आगमन 15 को

**जबलपुर।** आक्रांताओं के जुल्म से सनातन संस्कृति, गौ, गरीब व हिन्दू धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों का महान बलिदान देने वाले सिक्ख धर्म के नवमें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहिब का 350वां शताब्दी शहीदी दिवस समारोह आगामी 25 नवम्बर को देश ही नहीं पूरी दुनिया में बड़े गर्व से मनाया जाएगा। इसी संबंध में गोहाटी (असम) से एक राष्ट्रीय शताब्दी यात्रा (नगर कीर्तन जुलूस) प्रारंभ हुई है जो कि देश के 13 राज्यों का भ्रमण कर पंजाब में समाप्त होगी। प्रसन्नता का विषय है कि यह यात्रा भोपाल से चलकर 15 सितम्बर को जबलपुर पहुंच रही है, जिसे लेकर सिक्ख समाज में उमंग और उत्साह बना हुआ है।

# प्लास्टिक उपयोग में कमी जैसे विषयों पर किए गए कार्यों की दी विस्तृत जानकारी

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट CLAP (क्लाइमेट लीडर एक्शन प्लान) के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन की दिशा में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला संघ, जबलपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों का यूनिसेफ मध्यप्रदेश से सोशल बिहेवियर चेंज ऑफिसर मोनिका मौर्य ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिले की विभिन्न यूनिट्स ने जलवायु संरक्षण को लेकर अपने नवाचारपूर्ण प्रयास प्रस्तुत किए। इनमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 सदर तथा WSEC स्कूल रेलवे के स्काउट्स



एवं गाइड्स यूनिट लीडर्स ने वृक्षारोपण और प्लास्टिक उपयोग में कमी जैसे विषयों पर किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ अधिकारी ने इन प्रस्तुतियों को अत्यंत प्रभावी और प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, संरक्षक अजय तिवारी, डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर स्काउट डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला संघ उपाध्यक्ष सोनल तिवारी, जिला सचिव व्ही.के. झारिया, संयुक्त सचिव अमिता चौधरी, पूर्व सचिव देवेंद्र कुमार भट्ट, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, गाइड कैप्टेन सुश्री किरण येवले एवं स्काउट मास्टर अंकित दाहिया, लुकस जुम्मन, शुभम ठाकुर, रेंजर आयुषी राठौर सहित स्काउट्स एंड गाइड्स उपस्थित रहे।

# गौतम डेयरी का मल-मूत्र गौर नदी में किया जा रहा विसर्जित

## कांग्रेस ने कलेक्टर से लगाई कार्यवाही की गुहार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत सालीवाड़ा के अंतर्गत गौर नदी किनारे स्थित मंगलेश्वर प्रसाद गौतम जो कि पूर्व में सालीवाड़ा के पशु चिकित्सा अधिकारी रहे एवं रिटायर हो चुके हैं, उनके द्वारा गौर नदी के किनारे भैंसों की अवैध डेयरी संचालित की जा रही है, जिसका सारा गोबर नदी में बहाया जा रहा है, अभी हाल ही में सात दिन पूर्व एक भैंस की मौत करंट लगने से हो गई थी, जिसकी लाश भी गौर नदी में बहा दी गई। गौतम डेयरी में 200 से अधिक भैंसें हैं जिनका दूध बढ़ाने भैंसों को इंजेक्शन लगाये जाते हैं, जिसका विपरीत असर दूध लेने वालों पर पड़ रहा है, वहीं डेयरी से लगी कान्हा कालोनी है जिससे लगे आसपास के क्षेत्रों में गंदगी बजबजा रही है। बताया गया गौर नदी का पानी केंट में सप्लाई किया जाता है, जो फिल्टर होने के बावजूद गंध मारता है। अतः कलेक्टर से अनुरोध है कि डेयरी संचालक द्वारा नदी को प्रदूषित करने और गंदगी फैलाने का अनुचित कार्य बंद कराया जाए। यदि प्रशासन कार्यवाही करने में हीलाहवाली करेगा तो कांग्रेस पार्टी धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगी।

# बिगड़ती यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** शहर के मुख्य मार्गों चौराहों पर अव्यवस्थित यातायात को लेकर मध्य भारत मोर्चा ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की गई। मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव ने कहा कि नगर के कई मुख्य चौराहों- रसल चौक,



रानीताल, दमोहनाका, आईटीआई, चुंगीनाका जैसे मार्गों पर गाड़ियां व ऑटो खड़े होने की वजह से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है, रसल चौक पर हॉस्पिटल के समीप एम्बुलेंस वाले, तो रानीताल और दमोहनाका में ऑटो वाले, माढ़ोताल आईटीआई चुंगीनाका और अन्य चौराहों पर गाड़ी, ठेलों की वजह से यातायात अवरुद्ध हो रहा है, जिससे राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की ताकि राहगीरों के लिए मार्ग सुगम हो सके। इस दौरान मध्य भारत मोर्चा अध्यक्ष सौरभ यादव, दिलीप विश्वकर्मा, अफजल, राजा बाबा, निहाल यादव, जानू शर्मा, एजाज, सोनू साहू, सौरभ मिश्रा, लक्की सोनी, शिवम राय, सोहिल, राम चौरसिया, विवेक, शिवम अहिरवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS FATEMA I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS FATEMA HUSSAIN W/O SHABBIR HUSSAIN RESIDENT OF H.NO. 61-62, SARAFA WARD, KOTWALI, BOHRA GALI, WARD 38, PT MOTI LAL NEHRU WARD, JABALPUR (M. P.) 482002.

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 6390351X RANK EX-HAV NAME LAXMAN DAS MALI S/O RAM NEHOR MALI UNIT MEG BANGALORE R/O 143, STAR DREAM CITY, SAMADHI ROAD, PADARIYA, T.F.R.I. NEAR GAUR, JABALPUR (MP)-482021 AADHAR CARD No. 7419 4228 4567 I, have changed name of my Wife from RUKHMANI (Name as per my Army service records) to RUKHMANI MALI (name as per my Wife, AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER DOCUMENTS) vide affidavit dated 12/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME-RUKHMANI MALI
INCORRECT NAME-RUKHMANI

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 2682001W RANK EX-NK NAME OM NATH SINGH CHAUHAN S/O JAGANNAT SINGH R/O 1218/89-1, B, NARMADA NAGAR, GWARIGHAT ROAD, SHANKAR SHAH NAGAR, JABALPUR AADHAR CARD No. 6532 6642 5350 I, have changed name of my DAUGHTER from DIVYA SINGH (Name as per my Army service records) to DIVYA SINGH CHAUHAN (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD, PAN CARD AND OTHER EDUCATIONAL DOCUMENTS) vide affidavit dated 12/09/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary Jabalpur (MP)
CORRECT NAME
DIVYA SINGH CHAUHAN
INCORRECT NAME
DIVYA SINGH

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0025/ अपील/ 25-26

श्री रामायण प्रसाद ठाकुर पिता स्व. श्री रामचीज ठाकुर निवासी म.नं. 1057 इंदिरा गांधी वार्ड आनंदकुंज के पास एसबीआई कालोनी के पीछे गढ़ा पुरवा जबलपुर .........आवेदक

विरुद्ध

श्री कृष्ण कुमार पटेल पिता कुंवरलाल पटेल निवासी न्यू शास्त्री जेडीए कालोनी नगर गढ़ा जबलपुर ......अनावेदक

सूचना एवं प्रकाशन

एतद द्वारा प्रतिअपीलार्थीगणों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रामायण प्रसाद ठाकुर पिता स्व. श्री रामचीज ठाकुर निवासी म.नं. 1057 इंदिरा गांधी वार्ड आनंदकुंज के पास एस.बी.आई. कालोनी के पीछे गढ़ा पुरवा जबलपुर द्वारा न्यायालय तहसीलदार अधारताल के रा.प्र.क्र. 1539/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 22.07.25 से परिवेदित होकर अपील म.प्र.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रस्तुत की है। प्रतिअपीलार्थीगणों एवं बादग्रस्त भूमि मौजा रैगवा तहसील अधारताल पटवारी हल्का रैगवा स्थित खसरा नं. 173/1 रकबा 0.5140 है. भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 26.09.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं दावे आपत्तियां लिखित में पेश करें। नियत तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग अधारताल
जिला जबलपुर